ऐप-आधारित कर्मचारियों के लिए श्रम सुरक्षा

Seattle Office of Labor Standards

किन कर्मचारियों को सुरक्षा मिलती है?

ये कानून ऐसे किसी भी कर्मचारी पर लागू होते हैं जो काम पाने के लिए कुछ ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं और सिएटल में सेवाएं प्रदान करने के लिए भुगतान किए गए ऑफर स्वीकार करते हैं।

कौन से ऐप्स?

"नेटवर्क कंपनियों" से जुड़े ऐप्स इस कानून के तहत आते हैं, लेकिन नेटवर्क कंपनी क्या होती है?

दुनिया भर में इसके **250** से अधिक ऐप-आधारित कर्मचारी हैं



ग्राहकों को कर्मचारियों से जोड़ती है

ऐप के जरिए कर्मचारियों को ऑफर प्रस्तुत करती है

वेतन की दरें तय करती है

कर्मचारी के माइलेज और काम करने के कुल समय पर नज़र रखती है

ऐप-आधारित कर्मचारी के लिए न्यूनतम भुगतान

कानून के तहत संरक्षित कर्मचारियों को काम में लगाए गए समय और तय की गई दूरी के लिए न्यूनतम भुगतान मिलता है।

$0.45/ मिनट + **$0.77/ मील** या **$5.20** **जो भी राशि अधिक हो**

अगर आपको किसी ऑफर पर 2 घंटे के भीतर काम शुरू करना है तो आप ऑफर स्वीकार करने के समय से समय/मील की गणना कर सकते हैं। नहीं तो, आप अपने काम के केवल पहले पड़ाव से समय/मील की गणना कर सकते हैं।

अगर आप सिएटल के बाहर काम शुरू करते हैं तो आप केवल शहर की सीमा में प्रवेश करने के बाद के ही समय/मील की गणना कर सकते हैं। अगर आप सिएटल के अंदर काम शुरू करते हैं तो सभी समय/मील की गिनती होती है।

अपने अधिकारों को जानें

- ✓ आप यह तय कर सकते हैं कि आप कब और कितना काम करेंगे, साथ ही आप कौन से ऑफर स्वीकार करना चाहेंगे।
- ✓ कंपनी को ऑफर के पूरा करने में लगने वाले समय और मील का अनुमान देना होगा।
- ✓ आप सभी टिप्स पाने करने के हकदार हैं। टिप को न्यूनतम भुगतान में नहीं गिना जाता।

ऐप-आधारित कर्मचारियों के लिए श्रम सुरक्षा

Seattle Office of Labor Standards

ऐप-आधारित कर्मचारी के सवैतनिक रोग और सुरक्षा अवकाश (App-Based Worker Paid Sick and Safe Time, PSST)

कानून के तहत संरक्षित कर्मचारी निम्नलिखित कारणों से सवैतनिक अवकाश ले सकते हैं:

- अपने या परिवार के किसी सदस्य के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए
  - इसमें डॉक्टर के साथ अपॉइंटमेंट भी शामिल हैं
- अपने या अपने परिवार के किसी सदस्य की देखभाल के लिए जो घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न या किसी के द्वारा पीछा किए जाने से परेशान हो
- जब परिवार के किसी सदस्य का स्कूल या देखभाल का स्थान बंद हो
- अगर स्वास्थ्य या सुरक्षा से जुड़े कारणों से काम को रोकना पड़े या धीमा करना पड़े

मुझे कितना PSST मिलेगा?

सिएटल में काम करने वाले प्रत्येक 30 दिनों के लिए आपको कम से कम एक दिन का PSST मिलता है।

सिएटल में किए गए पिक-अप या ड्रॉप-ऑफ वाले हर एक दिन की गिनती होती है।

मुझे कितना वेतन मिलेगा?

पिछले 12 महीनों के दौरान सिएटल में आपके द्वारा काम किए गए दिनों का औसत दैनिक वेतन (इसमें टिप्स शामिल नहीं हैं)।

मैं PSST का इस्तेमाल कैसे करूँ?

जब आप अपना PSST अर्जित कर लेते हैं तो उसके एक हफ्ते बाद वह इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हो जाता है।

आप अपने PSST के उपलब्ध होते ही उसका इस्तेमाल करना शुरू कर सकते हैं, बशर्ते आपने छुट्टी मांगने से पहले 90 दिनों तक ऐप के लिए काम किया हो।

जब आप PSST की मांग करते हैं तो आपको उसी समय छुट्टी लेने की अनुमति मिल जाएगी। आपकी छुट्टी 24 घंटे की होगी, जब तक कि आप अतिरिक्त समय का अनुरोध न करें।

अपने अधिकारों को जानें

- ✔ कंपनी आपसे यह प्रमाण नहीं मांग सकती कि आप PSST क्यों ले रहे हैं, जब तक कि आपने लगातार 3 दिनों से अधिक PSST न लिया हो।
- ✔ अगर आप अपने अवकाश के दौरान काम करते हैं तो कंपनी आपको PSST का भुगतान करने से मना कर सकती है।
- ✔ PSST का अनुरोध करने या उसका इस्तेमाल करने पर कंपनी आपके खिलाफ कोई नकारात्मक कार्रवाई नहीं कर सकती।

शिकायत दर्ज करें

क्या आप जिस कंपनी में काम करते हैं वह इस कानून का पालन नहीं करती? आप नीचे दी गई जानकारी का इस्तेमाल करके शिकायत दर्ज कर सकते हैं:

- 206-256-5297
- laborinquiry.seattle.gov/employee-inquiry/
- या यहां स्कैन करें!

दुभाषिया सेवाएं फोन पर उपलब्ध हैं